**Need to ensure protection of environment affected due to indiscriminate construction in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan- Laid.**

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(राजसमन्द) :** मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विकास के निरन्तर कार्य किये जा रहे हैं परन्तु इनमें से कुछ विकास कार्यों में पर्यावरण की अनदेखी भी हो रही है । मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द के कुम्भलगढ में टाइगर सफारी प्रस्तावित है जिसके कारण स्थानीय निवासियों के सामने अपने आवास और आजीविका दोनों का संकट पैदा हो गया है जबकि इस इलाके में कभी भी टाइगर का निवास रहा ही नहीं । यहाँ पर खनन काफी होता है और कुछ लोग अवैध खनन भी कर रहे हैं । इस कारण से न सिर्फ राजस्व की हानि हो रही है बल्कि अत्यधिक ब्लास्टिंग और खनन से धूल मिटटी के कारण लोगों के आवास, स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है जिसको नियंत्रित किये जाने की आवश्यकता है । इसके साथ ही उदयपुर, नाथद्वारा व कुम्भलगढ व माउन्टआबू में पर्यटन विस्तार के नाम पर जंगलो को खत्म किया जा रहा है जिससे पर्यावरण पर गहरा असर हो रहा है । अतः मैं सरकार से मांग करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र व उसके आसपास के इलाकों में पर्यावरण सन्तुलन के साथ विकास कार्यों को सुनिश्चित किये जाने के हर संभव प्रयास किये जायें ।